भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2541

जिसका उत्तर दिनांक 10.03.2021 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा संयंत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं

2541. श्री सी. पी. जोशी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवा रहा है जहां परमाणु ऊर्जा इकाई स्थित है;

(ख) सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में परमाणु ऊर्जा स्टेशनों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मंत्रालय द्वारा राजस्थान में ऐसी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, हां । विभिन्न नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थलों पर न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के कर्मचारियों को परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं ।

(ख) नाभिकीय विद्युत स्थलों के आस-पास के क्षेत्रों में रह रहे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दूरवर्ती गांवों में पहुँचने के लिए मोबाइल क्लीनिक चलाना, सामान्य चिकित्सा शिविर लगाना, आंख एवं दाँत का शिविर लगाना, मौजूदा सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का उन्नयन, ब्लड बैंक सुविधाएं बढ़ाना, होलिस्टिक हेल्थ प्रोग्राम के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को सहायता सामग्री वितरण इत्यादि नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अधीन एनपीसीआईएल द्वारा किए गए कुछ प्रयास हैं । इसके अलावा, एनपीसीआईएल सीएसआर के एक भाग के रूप में इसके संयंत्र स्थलों के आस-पास रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में भी योगदान देता है ।

(ग) रावतभाटा, राजस्थान स्थल पर नाभिकीय विद्युत संयंत्र के आस-पास के क्षेत्र में रह रहे लोगों के लिए एनपीसीआईएल ने अपने सीएसआर के अधीन मौजूदा पीएचसी का उन्नयन कार्य किया, चिकित्सा प्रगत उपकरण और एंबुलेंस उपलब्ध कराई, चिकित्सा शिविर, आंख शिविर लगाए, मोबाइल क्लीनिक चलाया, चिकित्सा सेवाएं प्रदान की और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को सहायता डिवाइस वितरित की हैं । राजस्थान में नए स्थल माही बांसवाडा पर, एनपीसीआईएल ने निकटवर्ती पीएचसी में उपकरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया और राज्य स्वास्थ्य प्राधिकारियों को एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है ।

* * * * *